डाटा सेंटर पार्क के लिए वितरण लाइसेंस देने को मिली हरी झंडी

लखनऊ। विद्युत नियामक आयोग में एनआईडीपी डेवलपर्स प्रा. लि. को ग्रेटर नोएडा स्थित डाटा सेंटर पार्क को वितरण लाइसेंस देने को हरी झंडी दे दी है। अब यह कंपनी किसी से भी बिजली खरीद सकेगी। इसे निजीकरण के तौर पर देखा जा रहा है। अब ग्रेटर नोएडा में पश्चिमांचल, नोएडा पावर कंपनी के साथ यह तीसरी बिजली कंपनी हो जाएगी। लाइसेंस नहीं मिलने की स्थिति में डाटा सेंटर पार्क के लिए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम से बिजली लेना मजबूरी थी।

उप्र डाटा सेंटर नीति 2021 के तहत एनआईडीपी डेवलपर्स प्रा. लि.

एनआईडीपी डेवलपर्स किसी भी कंपनी से खरीद सकेगी बिजली

ने ग्रेनो में डाटा सेंटर पार्क के लिए वितरण लाइसेंस की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में याचिका दायर की थी। इसका उपभोक्ता परिषद ने विरोध किया था। आयोग ने कंपनी से उसके आर्थिक पहलुओं पर जवाब तलब किया था। बुधवार को मामले में सुनवाई के बाद आयोग के अध्यक्ष आरपी सिंह, सदस्य वीके श्रीवास्तव व संजय कुमार सिंह ने आदेश जारी किया। इसके तहत 25 साल के लिए डाटा सेंटर का वितरण लाइसेंस दिया गया है। ब्यूरो